# कारोबारी सहूलियतों के काम में उन्नाव व कौशांबी फिर अव्वल

अमर उजाला ब्यूरो

## अक्तूबर में टॉप-10 में रहे फतेहपुर, गाजीपुर व मिर्जापुर जिले बाहर

## नवंबर के टॉप-10 श्रेणी ए में वाराणसी, श्रेणी बी में प्रतापगढ़, मैनपुरी शामिल

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने कारोबारी सहूलियतों से जुड़े काम व निवेशकों की समस्याओं के समाधान के लिहाज से ईज ऑफ डुइंग बिजनेस की नवंबर की रैंकिंग जारी कर दी है। दो श्रेणी की रैंकिंग में श्रेणी 'ए' में उन्नाव व श्रेणी 'बी' में कौशांबी फिर अव्वल रहे हैं।

प्रदेश सरकार निवेशकों से संबंधित 2,000 से अधिक आवेदनों व शिकायतों वाले जिलों को श्रेणी 'ए' में और 2000 से कम शिकायतों वाले जिलों को श्रेणी 'बी' में रखती है। तय समय में आवेदनों व शिकायतों के निस्तारण, निस्तारित आवेदन व शिकायतों पर आवेदकों के फीडबैक के आधार पर अलग-अलग श्रेणी में शामिल जिलों की रैंक तय की जाती है। अक्तूबर में श्रेणी ए में 40 जिले थे जबकि नवंबर में इनकी संख्या 42 रही। इसी तरह श्रेणी बी में अक्तूबर में 35 जिले थे। नवंबर में 33 जिले रह गए। अक्तूबर में श्रेणी-ए के टॉप-10 में शामिल फतेहपुर व श्रेणी-बी के टॉप-10 में शामिल रहे गाजीपुर व मिर्जापुर जिले टॉप-10 से बाहर हो गए हैं। कई अन्य जिलों की रैंक में भी बदलाव हुआ है, लेकिन वे टॉप-10 में बने हैं।

| श्रेणी ए के टॉप-10 जिले | | श्रेणी ए के 10 फिसड्डी जिले | | श्रेणी बी के टॉप-10 जिले | | श्रेणी बी के 10 फिसड्डी जिले | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रैंक | जिला | रैंक | जिला | रैंक | जिला | रैंक | जिला |
| 1 | उन्नाव | 42 | कानपुर देहात | 1 | कौशांबी | 33 | जालौन |
| 2 | देवरिया | 41 | हापुड़ | 2 | श्रावस्ती | 32 | महोबा |
| 3 | फर्रुखाबाद | 40 | अमरोहा | 3 | सिद्धार्थनगर | 31 | हमीरपुर |
| 4 | बुलंदशहर | 39 | सुल्तानपुर | 4 | कुशीनगर | 30 | बांदा |
| 5 | अयोध्या | 38 | झांसी | 5 | पीलीभीत | 29 | चित्रकूट |
| 6 | शाहजहांपुर | 37 | जौनपुर | 6 | संभल | 28 | सोनभद्र |
| 7 | सहारनपुर | 36 | बहराइच | 7 | बस्ती | 27 | एटा |
| 8 | प्रयागराज | 35 | बदायूं | 8 | प्रतापगढ़ | 26 | कन्नौज |
| 9 | गाजियाबाद | 34 | बाराबंकी | 9 | महराजगंज | 25 | अंबेडकरनगर |
| 10 | वाराणसी | 33 | मऊ | 10 | मैनपुरी | 24 | रायबरेली |